Awareness-cum Training Programme on Protection of Plant Varieties & Farmers' Right

पौधा किस्म संरक्षण और कृषक अधिकार विषय पर जागरूकता एवम् प्रशिक्षण कार्यक्रम

Organised at

Krishi Vigyan Kendra, CAZRI, Kukma, Bhuj (Gujarat)

February 24, 2015

Central Arid Zone Research Institute

(Indian Council of Agricultural Research)

Jodhpur – 342 003 (INDIA)

Citation: Awareness-cum Training Programme on Protection of Plant Varieties & Farmers' Rights, KVK, CAZRI, Kukma, Bhuj, Gujarat-370105.

Compiled by: Devi Dayal, A. S. Tetarwal, S. Kumar, Ramniwas, Shamshuddin M., R. Dev, and T. Singh

Sponsored by: PPV & FR Authority, Ministry of Agriculture, GOI, New Delhi

Organised by: Krishi Vigyan Kendra, CAZRI, Kukma, Bhuj, Guajarat.

अनुक्रमणिका

क्रम.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, कृषि मंत्रालय , भारत सरकार	1-5
2.	कृषक अधिकार- पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम , २००१	6-11
3.	सामान्यतया: पूछे जाने वाले प्रशन	12-13
4.	Frequently asked questions	14-19
5.	प्ररूप -१	20-30
6.	उपाबन्ध -१	31-33
7.	प्ररूप -१ क	34-35
8.	तकंनीकी प्रश्नावली	36-43
9.	पादप जीनोम संरक्षक समुदाय पुरस्कार	44-53
10.	Plant Genetic Diversity of Kutch, Gujarat	54-57

चतुर्थ मुद्रण 2000 प्रतियां नई 2012
विवरणिका नं. पौ.कि.कृ.अ.स.प्रा./5

पौधा किस्म
और
कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण
कृषि मंत्रालय, भारत सरकार



प्रस्तावना

पौधों की किस्मों, कृषकों तथा पादप प्रजनकों के अधिकारों की सुरक्षा तथा पौधों की नई किस्मों के विकास के लिए एक प्रभावी प्रणाली की स्थापना हेतु यह आवश्यक समझा गया कि पौधों की नई किस्मों के विकास के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, उनमें सुधार तथा उन्हें उपलब्ध कराने में किसी भी समय किसानों द्वारा किए गए उनके योगदान को मान्यता प्रदान की जाए तथा उनके अधिकारों को सुरक्षित रखा जाए। इस दृष्टि से भारत सरकार ने 'पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण (पीपीवी और एफआर) अधिनियम, 2001' को *स्यू जेनेरिस* प्रणाली अपनाते हुए लागू किया। भारतीय विधान पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय यूनियन (उपोव), 1978 की पुष्टि के अनुसार है, वरन् इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के प्रजनन संस्थाओं तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। यह विधान पादप प्रजनक संबंधी क्रियाकलापों में वाणिज्यिक पादप प्रजनकों तथा किसानों, दोनों के योगदानों को मान्यता प्रदान करता है तथा निजी, सार्वजनिक क्षेत्रों तथा अनुसंधान संस्थाओं के साथ-साथ कम संसाधन वाले किसानों सहित सभी पणधारकों के विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक हितों को सहायता पहुंचाते हुए 'ट्रिप्स' के कार्यान्वयन का प्रावधान भी करता है।

अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय ने 11 नवम्बर 2005 को "पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण" की स्थापना की। अध्यक्ष इस प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक होता है। अध्यक्ष के अतिरिक्त प्राधिकरण के 15 सदस्य हैं, जैसा कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। इनमें से 8 पदेन सदस्य हैं जो विभिन्न विभागों/मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व करते हैं, 3 सदस्य राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा राज्य सरकारों से, किसानों, आदिवासी संगठनों, बीज उद्योग तथा कृषि क्रियाकलापों से संबंधित महिला संगठन प्रत्येक से एक-एक प्रतिनिधि केन्द्र सरकार द्वारा नामित किया जाता है। महा पंजीकार प्राधिकरण का पदेन सदस्य-सचिव होता है।

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 के उद्देश्य

1. पौधा किस्मों, कृषकों और प्रजनकों के अधिकार की सुरक्षा और पौधों की नई किस्मों के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी प्रणाली की स्थापना।
2. नई पौधा किस्मों के विकास के लिए पादप आनुवंशिक संसाधन उपलब्ध कराने तथा किसी भी समय उसके संरक्षण व उसके सुधार में किसानों द्वारा दिए गए योगदान के संदर्भ में किसानों के अधिकारों को मान्यता देना व उन्हें सुरक्षा प्रदान करना।
3. देश में कृषि विकास में तेजी लाना, पादप प्रजनकों के अधिकारों की सुरक्षा करना; नई पौधा किस्मों के विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, दोनों में अनुसंधान एवं विकास के लिए निवेश को प्रोत्साहित करना।
4. देश में बीज उद्योग की प्रगति को सुगम बनाना जिससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों तथा रोपण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

प्राधिकरण के सामान्य कार्य

- नई पौधा किस्मों, अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्मों, विद्यमान किस्मों का पंजीकरण
- नई पादप प्रजातियों के लिए डीयूएस (विशिष्टता, एकरूपता और स्थायित्व) परीक्षण दिशानिर्देशों का विकास
- पंजीकृत किस्मों के गुणों का विकास व उनका प्रलेखन
- पौधों की सभी किस्मों के लिए अनिवार्य सूची पत्रीकरण (कैटालॉगिंग) की सुविधा
- कृषकों की किस्मों का प्रलेखन, सूचीकरण तथा उनका सूची पत्रीकरण
- उन कृषकों, कृषक समुदायों, विशेषकर जनजातीय और ग्रामीण समुदाय को मान्यता प्रदान करना और पुरस्कृत करना जो विशेष रूप से पहचाने गए कृषि जैवविविधता वाले हॉट-स्पॉट में आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण पौधों व उनके वन्य संबंधियों से जुड़े पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, सुधार और परिरक्षण के कार्य में संलग्न है।
- पौधा किस्मों के राष्ट्रीय रजिस्टर का रखरखाव; तथा
- राष्ट्रीय जीन बैंक का रखरखाव।

अधिनियम के अंतर्गत अधिकार

प्रजनकों के अधिकार

प्रजनकों को सुरक्षित किस्म उत्पन्न करने, उसकी बिक्री करने, उसका विपणन करने, वितरण, आयात या निर्यात का एकमात्र अधिकार होगा। अधिकारों के उल्लंघन के मामले में कानूनी उपचार के लिए प्रजनक एजेंट/लाइसेंसी नियुक्त कर सकता है व कानूनी अधिकारों का उपयोग कर सकता है।

अनुसंधानकर्ताओं के अधिकार

अनुसंधानकर्ता प्रयोग या अनुसंधान करने के लिए अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किसी भी किस्म का उपयोग कर सकता है। इसमें कोई अन्य किस्म विकसित करने के लिए किसी किस्म को आरंभिक स्रोत के रूप में उपयोग करना भी शामिल है लेकिन यदि सामग्री का बार-बार उपयोग करना पड़े तो इसके लिए पंजीकृत प्रजनक से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता होगी।

कृषकों के अधिकार

- जिस किसान ने कोई नई किस्म खोजी या विकसित की हो उसे उसी प्रकार अपनी किस्म को सुरक्षा प्रदान करने और पंजीकृत करने का अधिकार है जिस प्रकार, प्रजनक अपनी किस्म को पंजीकृत कराकर सुरक्षा प्रदान करता है।

- कृषक किस्म को विद्यमान किस्म के रूप में भी पंजीकृत किया जा सकता है।
- कोई भी किसान पीपीवी और एफआर अधिनियम, 2001 के अंतर्गत संरक्षित किस्म के बीज सहित अपने उत्पाद को उसी प्रकार बचाकर रख सकता है, उपयोग में ला सकता है, बो सकता है, पुनः बो सकता है, उसका विनिमय कर सकता है, साझीदारी कर सकता है या बेच सकता है, जैसा कि वह अधिनियम के लागू होने के पूर्व कर सकता था, लेकिन इसमें शर्त यह है कि कोई किसान पीपीवी और एफआर अधिनियम, 2001 के अंतर्गत सुरक्षित किस्म के ब्रांड युक्त बीज की बिक्री नहीं कर सकता है।
- किसान आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भू प्रजातियों तथा उनके वन्य संबंधियों के पादप आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण के लिए मान्यता प्रदान किए जाने तथा पुरस्कृत किए जाने के पात्र हैं।
- अधिनियम, 2001 की धारा 39(2) के अंतर्गत किसी किस्म के निष्पादन न देने पर किसानों को क्षतिपूर्ति किए जाने का भी प्रावधान है।
- किसानों को प्राधिकरण अथवा पंजीकार अथवा न्यायाधिकरण अथवा उच्च न्यायालय में कोई भी मुकदमा दाखिल करने के लिए इस अधिनियम के तहत कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा।

पंजीकरण

कोई भी किस्म यदि विशिष्टता, एकरूपता व स्थायित्व (डीयूएस) के मानदंडों को अनिवार्य रूप से पूरा करती है तो उसे अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किए जाने की पात्रता प्राप्त है। केन्द्र सरकार किस्मों के पंजीकरण के उद्देश्य से गणों तथा प्रजातियों को विशिष्टीकृत करते हुए शासकीय राजपत्र में अधिसूचना जारी करती है। अब तक केन्द्र सरकार ने पंजीकरण के उद्देश्य से 57 फसल प्रजातियों को अधिसूचित किया है।

प्राधिकरण के प्रकाशन
- भारतीय पौधा किस्म जरनल
- सामान्य तथा फसल विशिष्ट डीयूएस परीक्षण दिशानिर्देश
- तकनीकी बुलेटिन

पीपीवी और एफआर प्राधिकरण ने व्यक्तिगत फसल प्रजातियों के लिए प्रजाति विशिष्ट विशिष्टता, एकरूपता तथा स्थायित्व परीक्षण के लिए दिशानिर्देश या विशिष्ट दिशानिर्देश विकसित किए हैं। इनमें शामिल हैं चपाती गेहूं, चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, चना, अरहर, मूंग, उड़द, खेत मटर/बागान मटर, सेम/राजमा, मसूर, द्विगुणित कपास (2 प्रजातियां), चतुर्गुणित कपास (दो प्रजातियां), पटसन (2 प्रजातियां), गन्ना, अदरक, हल्दी, भारतीय सरसों, करन राई, तोरिया, गोभी सरसों, सूरजमुखी, कुसुम, अरण्ड, तिल, अलसी, मूंगफली, सोयाबीन, काली मिर्च, छोटी इलायची, गुलाब, गुलदाउदी, आम, आलू, बैंगन, टमाटर, भिण्डी, फूलगोभी, बंदगोभी, प्याज, लहसुन, गेहूं की डयूरम, डाइकोकम तथा ट्रिटिकम प्रजातियां, ईसबगोल, मेंथॉल पुदीना, दमस्क गुलाब, बारहमासी तथा ब्रह्मी।

- जीन बैंक मैनुअल
- कृषि–जैवविविधता हॉट स्पॉट्स पुस्तक (दो खण्डों में)
- पीपीवी और एफआर अधिनियम, 2001 के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डालने के लिए 'आजीविका के लिए बीज' शीर्षक की वीडियो सीडी
- वार्षिक प्रतिवेदन

पंजीकरण के लिए शुल्क

पौधा किस्मों के पंजीकरण हेतु आवेदन के साथ प्राधिकरण द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क दिया जाना चाहिए। विभिन्न प्रकार की किस्मों के लिए पंजीकरण शुल्क निम्नानुसार है :

क्र. सं.		
1.	बीज अधिनियम, 1966 की धारा 5 के अंतर्गत अधिसूचित विद्यमान किस्म	1000/–रु.
2.	नई किस्म/अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म (ईंडीवी)	व्यक्तिगत 5000/–रु. शैक्षणिक 7000/–रु. वाणिज्यिक 10,000/–रु.
3.	वह विद्यमान किस्म जिसके बारे में सामान्य ज्ञान है (वीसीके)	व्यक्तिगत 2000/–रु. शैक्षणिक 3000/–रु. वाणिज्यिक 5,000/–रु.

किसी किस्म का पंजीकरण नवीकृत कराया जा सकता है, बशर्ते कि वार्षिक शुल्क एवं नवीनकरण शुल्क जमा किया गया हो।

डीयूएस परीक्षण केन्द्र

संदर्भ संकलन उदाहरण किस्मों के अनुरक्षण तथा प्रगुणन और संबंधित फसलों के डीयूएस दिशानिर्देशों के अनुसार डीयूएस विवरणों हेतु डेटाबेस के सृजन के लिए प्राधिकरण ने विभिन्न फसलों के लिए 95 डीयूएस परीक्षण केन्द्र स्थापित किए हैं। इन डीयूएस परीक्षण केन्द्रों की सूची प्राधिकरण की आधिकारित वैबसाइट पर उपलब्ध है।

भारतीय पौधा किस्म जरनल

प्राधिकरण भारतीय पौधा किस्म जरनल या प्लांट वेराइटीज़ जरनल ऑफ इंडिया (पीवीजेआई) शीर्षक से द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी में) मासिक प्रकाशन निकालता है तथा प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर अपनी अधिकारिक वैबसाइट पर जन–सामान्य को सुलभ कराता है। इस जरनल को विनियमन, 2006 के अंतर्गत राजपत्र के समतुल्य दर्जा प्राप्त है। इस जरनल में अधिकारिक तथा सार्वजनिक सूचनाएं, पौधा किस्मों के पासपोर्ट आंकडे, फसल प्रजातियों के डीयूएस परीक्षण दिशानिर्देश, पंजीकरण प्रमाण पत्रों के विवरण तथा अन्य संबंधित मामले प्रकाशित किए जाते हैं।

पंजीकरण प्रमाण पत्र

जिन आवेदनों ने सभी अपेक्षाएं पूरी कर ली हैं तथा जिन्हें पंजीकार ने

पंजीकरण हेतु अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया है उन्हें पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। अभी तक ऐसे 361 प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं जिनमें से 22 नई किस्मों के, 334 बीज अधिनियम, 1966 के अंतर्गत अधिसूचित विद्यमान किस्मों के तथा 5 कृषक किस्मों के हैं। जारी किए गए ये प्रमाण पत्र वृक्षों तथा लताओं के मामले में 9 वर्ष के लिए तथा अन्य फसलों के मामले में 6 वर्ष के लिए वैध होंगे। नवीनीकरण शुल्क अदा करने पर इन्हें शेष अवधि के लिए भी पुनर्संमीक्षित या पुनर्नवीनीकृत किया जा सकता है लेकिन किसी भी हालत में वृक्षों और लताओं के मामले में वैधता की अवधि पंजीकरण की तिथि से 18 वर्ष, बीज अधिनियम, 1966 के अंतर्गत अधिसूचित किस्म की वैधता अधिसूचीकरण की तिथि से 15 वर्ष तथा अन्य मामलों में किस्म के पंजीकरण की तिथि से 15 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्राधिकरण ने कृषक किस्मों सहित किस्मों की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत पंजीकरण हेतु अप्रैल, 2012 तक 3711 आवेदन प्राप्त किए हैं।

पौधा किस्मों का राष्ट्रीय रजिस्टर

रजिस्ट्री के मुख्यालय में पौधा किस्मों का राष्ट्रीय रजिस्टर रखा गया है जिसमें सभी पंजीकृत पौधा किस्मों के नाम, उन्हें प्रजनित करने वाले संबंधित प्रजनकों के पते, पंजीकृत किस्मों के संदर्भ में ऐसे प्रजनकों के अधिकारों, प्रत्येक पंजीकृत किस्म के नाम व विवरण, विशिष्ट गुणों की विशेषताओं के साथ बीज अथवा अन्य रोपण सामग्री का विवरण और अन्य सभी संबंधित मामले दर्ज किए जाते हैं।

राष्ट्रीय जीन बैंक

प्राधिकरण ने पंजीकृत किस्मों के प्रजनकों द्वारा प्रस्तुत पैतृक वंशक्रमों सहित बीज सामग्री को स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय जीन बैंक स्थापित किया है। इस बैंक में पंजीकरण की पूरी अवधि के लिए 5° से. के निम्न तापमान की स्थिति के अंतर्गत बीजों को भंडारित किया जाता है और यदि राष्ट्रीय जीन बैंक में भंडारित करने के कुछ वर्षों बाद आवश्यक हो तो इस बीज को पुनरोद्धारित या पुनर्संबलीकृत किया जाता है जिसकी लागत आवेदक को वहन करनी होती है। राष्ट्रीय जीन बैंक में भंडारित बीज का उपयोग अनिवार्य लाइसेंसिंग के प्रावधानों को लागू करने हेतु जब कभी भी आवश्यकता पड़े या विवाद उठे, तब किया जाता है। राष्ट्रीय जीन बैंक में इस प्रकार बीज के जमा होने से बाजार में धोखाधड़ी से छुटकारा मिलेगा अथवा अधिकारों का उल्लंघन नहीं होगा क्योंकि बैंक के पास जमा बीज को तथ्यों के सत्यापन के लिए बाहर निकाला जा सकता है। जब स्वीकृत किए गए पंजीकरण की अवधि समाप्त हो जाती है तो सामग्री स्वतः ही जन–सामान्य की हो जाती है।

राष्ट्रीय जीन निधि

निम्न से योगदानों को प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण ने एक राष्ट्रीय जीन निधि स्थापित की है :

- किसी किस्म के प्रजनक से अथवा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किसी अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म अथवा ऐसी किस्म की रोपण सामग्री या अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म, जैसा भी मामला हो, से निर्धारित विधि से प्राप्त होने वाले लाभ में भागीदारी।
- रॉयलटी के माध्यम से प्राधिकरण को देय वार्षिक शुल्क।
- प्रजनकों द्वारा जमा की गई क्षतिपूर्ति की राशि और किसी राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय संगठन और अन्य स्रोतों से प्राप्त योगदान।

जीन निधि का उपयोग निम्न के लिए किया जाएगा :

- लाभ में भागीदारी के द्वारा अदा की गई कोई भी राशि,
- कृषक/कृषकों के समुदाय को देय क्षतिपूर्ति
- स्वःस्थाने व बहिःस्थाने संकलनों सहित आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण व टिकाऊ उपयोग को सहायता देने पर होने वाला व्यय तथा ऐसे संरक्षण व टिकाऊ उपयोग को सम्पादित करने के लिए पंचायतों की क्षमता का सबलीकरण।
- लाभ में भागीदारी से संबंधित योजनाओं पर होने वाला व्यय।

लाभ में भागीदारी

- लाभ में भागीदारी कृषकों के अधिकारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटक है। धारा 26 में प्रावधान है कि भारत के नागरिकों या फर्मों अथवा गैर–सरकारी संगठनों अथवा भारत में स्थापित संगठनों द्वारा लाभ में भागीदारी के दावे प्रस्तुत किए जा सकते हैं। किसी किस्म के विकास में दावेदार के आनुवंशिक संसाधन के उपयोग की सीमा और प्रगति के साथ–साथ उस किस्म की बाजार में मांग तथा उसके वाणिज्यिक उपयोग के अनुसार प्रजनक को जीन निधि में निर्धारित राशि जमा करानी होगी। जमा की गई यह राशि राष्ट्रीय जीन निधि से दावेदार को अदा की जाएगी। प्राधिकरण भारतीय पौधा किस्म जरनल में लाभ में भागीदारी के दावों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से प्रमाण पत्र के अंश भी प्रकाशित करता है।

समुदाय के अधिकार

- यह ग्राम अथवा स्थानीय समुदायों को उस किस्म के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए दी जाने वाली क्षतिपूर्ति है जो अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत की जा चुकी है।
- कोई भी व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह/सरकारी या गैर–सरकारी संगठन, भारत में किसी गांव/स्थानीय समुदाय की ओर से किसी भी अनुसूचित केन्द्र में किसी भी किस्म के विकास में किए गए योगदान का दावा दाखिल कर सकता है।

सम्मेलन देश

- सम्मेलन देश से तात्पर्य किसी भी उस देश से है जिसने पौधा किस्मों की सुरक्षा के किसी उस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी की हो जिसमें भारत ने भी भागीदारी की हो अथवा वह देश जिसमें पौधा किस्मों की सुरक्षा का ऐसा कानून हो जिसके आधार पर भारत पादप प्रजनकों के अधिकारों को स्वीकृत प्रदान करने के लिए समझौता कर चुका हो और दोनों देशों के नागरिकों को ऐसे अधिकार प्रदान किए गए हों। कोई भी व्यक्ति जो सम्मेलन देश मे किए गए आवेदन की तिथि के 12 महीने के अंदर भारत में किसी किस्म के पंजीकरण के लिए आवेदन देता है तो उसकी किस्म को इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया जाएगा और पंजीकरण की तिथि वह तिथि होगी जिस तिथि को सम्मेलन देश ने आवेदन प्रस्तुत किया था। इस तिथि को इस अधिनियम के उद्देश्य से पंजीकरण की तिथि माना जाएगा।

पौधा किस्म सुरक्षा अपीलीय न्यायाधीकरण (पीवीपीएटी)

अधिनियम में पौधा किस्म सुरक्षा अपीलीय न्यायाधीकरण को स्थापित करने का प्रावधान है। किसी किस्म के पंजीकरण से संबधित प्राधिकरण के रजिस्ट्रार के सभी आदेशों व निर्णयों और एजेंट या लाइसेंसी के रूप में पंजीकरण से संबंधित रजिस्ट्रार के सभी आदेशों या निर्णयों के विरुद्ध न्यायाधीकरण में अपील की जा सकती है। इसके अतिरिक्त लाभ में भागीदारी, अनिवार्य लाइसेंस को हटाने तथा क्षतिपूर्ति की अदायगी से संबंधित प्राधिकरण के सभी आदेशों अथवा निर्णयों के विरुद्ध न्यायाधीकरण में अपील की जा सकती है। एक अस्थायी प्रावधान भी है जिसके द्वारा यह प्रावधान किया गया है कि पौधा किस्म सुरक्षा अपीलीय न्यायाधीकरण द्वारा स्थापित बौद्धिक सम्पदा अपीलीय मंडल (आईपीएबी), पीवीपीएटी के न्याय क्षेत्र में आने वाले सभी अधिकारों का उपयोग करेगा। पीवीपीएटी के निर्णयों को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। न्यायाधीकरण किसी अपील का निपटारा एक वर्ष के अंदर करेगा।

सम्पर्क के लिए पता :

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकारण

एस–2, ए ब्लॉक, एनएएससी परिसर, देव प्रकाश शास्त्री मार्ग,

नई दिल्ली–110012

दूरभाष : 011–25843315, 25840777, 25843808

फैक्स: 011–25840478

वैबसाइट : **www.plantauthority.gov.in,**

E-mail:ppvfra-agri@nic.in

चतुर्थ मुद्रण : 2000 प्रतियां मई 2012
विवरणिका न. कृ. अ./3

कृषक अधिकार

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001



पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण
कृषि एवं सहकारिता विभाग
कृषि मंत्रालय
भारत सरकार
एनएएससी काम्प्लैक्स, डीपीएस मार्ग, निकट टोडापुर गांव,
नई दिल्ली–110012

कृषक अधिकार

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण पहलू है। भारत की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर करती है एवं कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। कृषकों को, उनके कृषि कार्य, अनुभवों एवं योगदान के आधार पर पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 में उनके अधिकारों का संरक्षण किया गया है जिसका अधिनियम की अनेक धाराओं में उल्लेख है।

'कृषक' (अधिनियम की धारा 2(के)) कोई भी वह व्यक्ति हो सकता है जो –

(i) स्वयं खेत जोतकर फसलें उगाता है; या

(ii) प्रत्यक्ष रूप से खेती पर निगरानी रखते हुए अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा खेत में फसलें उगाता है; या

(iii) अनेक के साथ अथवा संयुक्त रूप से किसी अन्य व्यक्ति के साथ किसी वन्य प्रजाति या परंपरागत किस्म का संरक्षण और परिरक्षण करता है अथवा ऐसी वन्य प्रजाति या परंपरागत किस्म के उपयोगी गुणों का चयन और उनकी पहचान करके वन्य प्रजातियों का मूल्य प्रवर्धन करता है।

'कृषक किस्म' {अधिनियम की धारा 2(एल)} कोई भी वह किस्म है जो–

(i) कृषकों द्वारा अपने खेत में परंपरागत रूप से उगाई व विकसित की गई हो; या

(ii) ऐसी वन्य संबंधी या भू–प्रजाति या किस्म जिसके बारे में कृषकों को सामान्य ज्ञान हो।

कृषकों के अधिकार (अधिनियम की धारा 39)

(iii) इस अधिनियम के अंतर्गत वह कृषक जिसने नई किस्म का प्रजनन अथवा विकास किया गया है, को पंजीकरण एवं अन्य सुरक्षा का वैसे ही अधिकार प्राप्त है जैसे कि एक किस्म के प्रजनक को अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त है।

(iv) कृषक किस्म, पंजीकरण के योग्य है यदि आवेदन पत्र धारा 18 उपधारा 1 (एच) के अनुसार घोषणा की गई हो तथा उक्त ६ ारा में उल्लिखित शर्तों को पूरा करता हो।

(v) कृषक, जो भू–प्रजाति एवं आर्थिक वन्य–सम्बन्धी महत्व के पौधों के आनुवंशिक संसाधन के संरक्षण, चयन, परिरक्षण एवं सुधार कार्य में लगे है, नियमानुसार निर्धारित तरीके से जीन निधि से पुरस्कार एवं मान्यता के हकदार है बशर्ते कि चयनित एवं संरक्षित सामग्री का उपयोग इस अधिनियम के अंतगर्त पंजीकरण योग्य किस्मों में दाता जीन के रूप में प्रयोग किया गया हो।

(vi) कृषक को इस अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित किस्म के बीज के साथ–साथ प्रक्षेत्र की उपज व किस्म का बीज बचाने, उपयोग करने, बोने, पुनः बोने, आदान –प्रदान (विनिमय) करने, भागीदारी (हिस्सेदारी) अथवा विक्रय करने का अधिकार है जैसा कि उसे अधिनियम लागू होने से पहले था तथा कृषक को अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित किस्म के ब्राण्डेड बीज के विपणन/बिक्री करने की अनुमति नहीं है।

व्याख्या– उपधारा (iv) के उद्देश्य, से ब्रांडयुक्त बीज का अर्थ उस बीज से है जो किसी पैकेट अथवा किसी अन्य पात्र में रखा और लेबेल लगाया गया हो जिससे स्पष्ट होता है कि किस्म का बीज, इस अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित किया है। केवल रोक यह है कि कृषक को इस अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित किस्म को ब्रांडयुक्त करके बेचने का अधिकार नहीं है। अतएव कृषक एवं प्रजनक दोनों के अधिकार सुरक्षित है।

क्षतिपूर्ति हेतु प्रावधान {अधिनियम की धारा 39 (2)}

जिन मामलों में इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किस्म की रोपण सामग्री किसी कृषक अथवा कृषकों के समूह अथवा कृषकों के संगठन को बिक्री की गयी है वहाँ प्रजनक, कृषक अथवा कृषकों के समूह अथवा कृषकों के संगठन, जैसी भी स्थिति हो, निश्चित दशा में उस किस्म के सम्भावित निष्पादन से सम्बधित जानकारी उपलब्ध कराएगा। यदि सम्बंधित रोपण सामग्री, निश्चित दशा में सम्भावित निष्पादन देने में सफल नहीं होती है तो ऐसी स्थिति में कृषक अथवा कृषकों के समूह अथवा कृषकों का संगठन, जैसी भी स्थिति हो, प्राधिकरण में निर्धारित तरीके से क्षतिपूर्ति का दावा कर सकते हैं। प्राधिकरण किस्म के प्रजनक को सूचना (नोटिस) देकर और निर्धारित तरीके से प्रतिवाद प्रस्तुत करने का अवसर देने के बाद, दोनो पक्षो की सुनवाई कर किस्म के प्रजनक को निर्देश दे सकता है कि कृषक अथवा कृषकों के समूह अथवा कृषकों के संगठन, जैसी भी स्थिति हो, को क्षतिपूर्ति करें, और तदनुसार राशि का भुगतान करें।

अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति का दावा–(नियम 66)

(1) कोई कृषक, कृषकों का समूह अथवा कृषकों का संगठन अधिनियम की धारा 39(2) के अंतर्गत क्षतिपूर्ति के दावा हेतु आवेदन कर सकता है।

(2) दावा हेतु आवेदन उपरोक्त उप नियम (1) के अंतर्गत प्रथम अनुसूची की पी वी–25 प्रारूप के अनुरूप होना चाहिए।

नियम 66 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति हेतु दावा के आवेदन की प्रक्रिया (नियम 67)

(1) पंजीकृत किस्म जिसके सम्बन्ध में क्षतिपूर्ति दावा प्राप्त हुआ है, प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत प्रजनक को नोटिस भेजा जाना।

(2) उपरोक्त उप नियम (1) के अंतर्गत प्रजनक को प्राधिकरण से नोटिस प्राप्त होने के तीन माह के अन्दर प्रथम अनुसूची के प्रारूप पी वी– 26 में प्रतिवाद प्रस्तुत कर सकता है।

(3) प्रजनक, यदि क्षतिपूर्ति हेतु नोटिस प्राप्त होने की तिथि से तीन माह के अन्दर प्रतिवाद प्रस्तुत करने में असफल होता है अथवा अवेहलना करता है ऐसी दशा में यह मान लिया जाएगा कि प्रजनक उक्त दावा में प्रतिवाद नहीं प्रस्तुत करना चाहता है और वह दावा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार निर्धारित कर दिया जाएगा।

(4) प्राधिकरण, प्रजनक से प्रतिवाद प्राप्त होने पर दोनों पार्टियों को सुनवाई का अवसर देकर और उचित पाए जाने पर प्रजनक को कृषक, कृषकों के समूह अथवा कृषकों के संगठन, जैसी भी स्थिति हो, क्षतिपूर्ति हेतु निर्देशित कर सकता है।

आवेदन के पंजीकरण हेतु कुछ सूचना देने के आशय से अधिनियम की धारा 40)

(1) अधिनियम के अध्याय III के अंतर्गत किसी किस्म के पंजीकरण हेतु प्रजनक अथवा अन्य व्यक्ति को आवेदन में किस्म के प्रजनन अथवा विकास में जनजातीय अथवा गाँव परिवारों द्वारा संरक्षित आनुवंशिक सामग्री का प्रयोग करने की दशा में सूचना को आवेदन में प्रकट करना होगा।

(2) यदि प्रजनक अथवा ऐसा अन्य व्यक्ति उपधारा (1) में वर्णित सूचना बताने में असफल होता है तो रजिस्ट्रार, संतुष्ट होने पर कि प्रजनक अथवा अन्य व्यक्ति दुर्भावना से और जानबूझ कर ऐसी सूचना छुपा रहा है, पंजीकरण हेतु आवेदन निरस्त कर सकता है।

समुदायों के अधिकार (अधिनियम की धारा 41)

(1) कोई व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह (जो सीधे कृषि कार्य में संलग्न है अथवा नही) अथवा कोई सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठन भारत में किसी भी गाँव अथवा स्थानीय समुदाय के लोगों की ओर से जैसी भी स्थिति हो, किसी किस्म के विकास में किए गए अंशदान हेतु प्राधिकरण द्वारा अधिकारिक गजट में केन्द्रीय सरकार द्वारा पहले से स्वीकृत किसी अधिसूचित केन्द्र में उन गाँव अथवा स्थानीय समुदाय के लिए दावा प्रस्तुत कर सकता है।

(2) जहाँ कोई दावा उपधारा (1) के अंतर्गत किया गया, उपधारा के अंतर्गत अधिसूचित केन्द्र, उन व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह अथवा उन सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठनों द्वारा इस प्रकार दावा किया गया और उचित पाया गया और उन गाँव अथवा स्थानीय समुदाय द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किस्म के विकास के लिए सार्थक अंशदान संतोषजनक है, दावा को सत्यापित कर सकता है एवं प्राधिकरण को रिपोर्ट करेगा।

(3) जब प्राधिकरण, उपधारा (2) की रिपोर्ट से संतुष्ट होने पर, जाँच करने के उपरान्त उचित पाए जाने की स्थिति में, वह किस्म जिसके बारे में रिपोर्ट अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया, निर्धारित तरीके से किस्म के प्रजनक को नोटिस जारी कर और निर्धारित तरीके से आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु अवसर देकर और सुनवाई कर, केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किसी सीमा में, आदेश द्वारा, क्षतिपूर्ति राशि व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह अथवा सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठन जिन्होनें उपधारा (1) के अंतर्गत दावा किया है, उचित पाए जाने की स्थिति में भुगतान किया जाएगा।

(4) किस्म के प्रजनक द्वारा उपधारा (3) में स्वीकृत क्षतिपूर्ति जीन निधि में जमा किया जाएगा।

(5) उपधारा (3) में स्वीकृत क्षतिपूर्ति को भूमि राजस्व (मालगुजारी) माना जाएगा और प्राधिकरण, तदनुसार वसूली हेतु कार्यवाही करेगा।

अधिनियम की धारा 41 के अंतर्गत नोटिस जारी करना (नियम 68)

(1) धारा 41 की उपधारा (1) के अंतर्गत अधिसूचित केन्द्र से रिपोर्ट प्राप्त होने पर, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह अथवा सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठन, किसी गाँव अथवा स्थानीय

समुदाय के लोगों की ओर से नई प्रजाति के विकास मे किए गए अंशदान की प्रतिपूर्ति हेतु दावा दाखिल की स्थिति में, प्राधिकरण यदि संतुष्ट है, पंजीकृत प्रजनक को अथवा उसके समनुदेशक अथवा पंजीकृत अभिकर्ता को तृतीय अनुसूची के प्रारूप ओ–12 में नोटिस जारी कर सकता है।

(2) प्राधिकरण से नोटिस प्राप्त होने पर, पजीकृत प्रजनक अथवा उसका समनुदेशक अथवा पंजीकृत अभिकर्ता प्रथम अनुसूची में वर्णित प्रारूप पी वी–27 में दावों की प्रतिपूर्ति हेतु तीन माह में प्रतिवाद दाखिल कर सकता है।

(3) प्राधिकरण, पंजीकृत प्रजनक अथवा उसके समनुदेशक अथवा पंजीकृत अभिकर्ता से प्रतिवाद प्राप्त होने पर, दोनों पार्टियों को सुनवाई का अवसर देकर और प्रतिपूर्ति के परिमाण की पात्रता को निर्धारित करने के पश्चात् प्रजनक को, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह अथवा सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठन जो अधिनियम की धारा(41) की उपधारा(1) के अंतर्गत दावा किया है, प्रतिपूर्ति के भुगतान करने के लिए निर्देशित करेगा और अपेक्षित धनराशि दो माह के अंदर जीन निधि में जमा करेगा।

अनजाने में हुए किसी उल्लंघन के प्रति सुरक्षा (अधिनियम की धारा 42)

(i) अधिनियम के अंतर्गत दिए गए किसी अधिकार का अनजाने में हुए किसी उल्लंघन का कृषक द्वारा उल्लंघन नहीं माना जाएगा, जिसे उल्लंघन के समय ऐसे किसी प्रकार के अधिकार की जानकारी नहीं थी।

(ii) अधिनियम की धारा 65 में उल्लिखित किसी भी उल्लंघन के लिए न्यायालय किसी भी वाद में छूट प्रदान कर सकता है जो पहले न्यायालय द्वारा न दी गयी हो तथा न ही किसी ऐसे संज्ञान को इस अधिनियम द्वारा अपराध माना जाएगा जिसके बारे में कृषक द्वारा न्यायालय के समक्ष यह सिद्ध कर दिया जाय कि सम्बंधित उल्लंघन के समय उसे

पंजीकृत धान की कृषक किस्म–तिलकचंदन

यह जानकारी नहीं थी कि इस प्रकार का अधिकार पहले से ही मौजूद है।



पंजीकृत धान की कृषक किस्म–इन्द्रासन

अधिनियम की धारा 23 (6) एवं 28 में जिन तथ्यों का उल्लेख नहीं है, के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि कोई भी अनिवार्य रुप से व्युत्पन्न किस्म, कृषक किस्म से विकसित की गयी हो, धारा 28 (2) के अंतर्गत प्रजनक अधिकृत नहीं कर सकता जबतक कि कृषक अथवा कृषकों के समूह अथवा कृषक समुदाय से सहमति न प्राप्त कर ली गयी हो जिन्होने ऐसी किस्मों के संरक्षण अथवा विकास में कोई न कोई योगदान दिया हो।

शुल्क से छूट–इस अधिनियम की धारा 44 इसके बनाए नियम के अंतर्गत कोई भी कृषक अथवा कृषक समूह अथवा ग्राम समुदाय, प्राधिकरण अथवा रजिस्ट्रार अथवा न्यायाधिकरण अथवा उच्च न्यायलय के समक्ष किसी भी कार्यवृत हेतु शुल्क अदा करने हेतु बाध्य नहीं है। अर्थात् शुल्क से छूट प्राप्त है।

व्याख्या–"कार्यवृत हेतु शुल्क" इस अधिनियम की इस धारा मे प्रावधान है कि कृषक पत्राजात अथवा दस्तावेज का निरीक्षण करना चाहता है अथवा निर्णय अथवा आज्ञा की प्रति प्राप्त करना चाहता है तो इसके लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा।

जीननिधि (अधिनियम की धारा 45)

(1) केन्द्रीय सरकार एक निधि का गठन करेगी जो राष्ट्रीय जीन निधि कहलाएगी और इसमें धनागम निम्न स्रोतों से होगा –

(ए) किस्म के प्रजनक अथवा अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म जो इस अधिनियम मे पंजीकृत है अथवा उक्त किस्म की रोपण सामग्री अथवा अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म, जैसी भी स्थिति हो, से निर्धारित तरीके से प्राप्त लाभ की भागीदारी।

(बी) अधिनियम की धारा 35(1)के अंतर्गत वार्षिक शुल्क की रायल्टी के रूप में।

(सी) अधिनियम की धारा 41(4) के अंतर्गत जीननिधि में जमा करायी गयी क्षतिपूर्ति।

(डी) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठन और अन्य स्रोत से प्राप्त अंशदान।

(2) जीननिधि, निर्धारित तरीके से निम्न कार्यो के लिए उपयोग की जाएगी–

(ए) अधिनियम की धारा 26(5) के अनुसार लाभ में भागीदारी के भुगतान हेतु।

(बी) अधिनियम की धारा 41 (3) के अनुसार क्षतिपूर्ति के भुगतान हेतु।

(सी) स्व स्थानों और बर्हिस्थानों मे किए गए संग्रह सहित आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ उपयोग में सहायता देने हेतु खर्च तथा ऐसे संरक्षण और टिकाऊ उपयोग को सम्पन्न करने वाली पंचायत क्षमता को सबल बनाने हेतु।

(डी) अधिनियम की धारा 46 के अंतर्गत निर्धारित किए गए लाभ में भागीदारी से संबधित योजनाओं पर खर्च।

धारा 45 के अंतर्गत लाभ में भागीदारी प्राप्त करने का तरीका (नियम 69)

किस्म अथवा अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म का प्रजनक लाभ में भागीदारी की धनराशि जीन निधि में अधिनियम की धारा 26 के उपधारा (6) के अनुसार जमा करेगा

धारा 45 के अंतर्गत जीन निधि के उपयोग का तरीका (नियम 70)

(1) प्राधिकरण, नयी और अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म के क्रमिक विकास में प्रयुक्त आनुवंशिक सामग्री के लिए आवश्यक प्रतिपूर्ति, लाभ में भागीदारी के लिए सम्बन्धित योजना बनाने और आनुवंशिक सामग्री के टिकाऊ प्रयोग और संरक्षण में व्यय को वहन करना।

(2) जीन निधि निम्न उद्देश्यों हेतु प्राथमिकता के अनुसार प्रयुक्त होगी।

(ए) कृषकों, कृषकों के समूह, विशेष रूप से जनजातीय और ग्रामीण समुदाय से, विशेष रूप से पहिचाने गये कृषि–जैव–विविधता के क्षेत्र (हॉट–स्पॉट) जो, आर्थिक महत्व के पौधों और उनके वन्य सम्बन्धियों के संरक्षण, सुधार और परिरक्षण में संलग्न है को मदद और पुरस्कार प्रदान करना;

(बी) स्थानीय निकाय स्तर पर बर्हि–स्थाने संरक्षण हेतु क्षमता विकास विशेष रूप से पहचाने गए कृषि जैव विविधता के क्षेत्र (हॉट–स्पॉट) और स्व–स्थान संरक्षण में मदद हेतु;

(सी) धारा 26 की उपधारा (5) और धारा 41 की उपधारा (3) के अनुसार लाभ में भागीदारी और प्रतिपूर्ति हेतु;

(डी) जीन निधि के संचालन हेतु परिचालन व्यय।

योजनाओं को बनाना (अधिनियम की धारा 46)

(1) केन्द्रीय सरकार, धारा 41 और धारा 45(2) (डी), अधिकारिक गज़ट में अधिसूचित कर एक अथवा अधिक योजना बना सकती है।

(2) उपधारा (1) में वर्णित प्रावधानों हेतु योजना समस्त अथवा निम्न मामलों में से किसी हेतु प्रबन्ध कर सकती है।

(ए) योजनान्तर्गत दावों के पंजीकरण के उद्देश्य से और उस पंजीकरण से सम्बन्धित समस्त मामले।

(बी) दावों से सम्बिधित मामलों का परिचालन एव कार्यवाही करना।

(सी) ऐसे दावों से सम्बन्धित रजिस्टर व रिकार्ड का रखरखाव।

(डी) उपयोग, वितरण का तरीका (हिस्सेदारी सहित) अथवा अन्यथा संतुष्ट किसी दावे से प्राप्त कोई धनराशि।

(ई) विवाद की स्थिति में ऐसे दावों के निपटारे अथवा हिस्सेदारी हेतु प्राधिकरण द्वारा अपनाया गया तरीका।

(एफ) प्रजनन, किस्मों के विकास अथवा खोज से सम्बन्धित उद्देश्यों में लाभ की भागीदारी का उपयोग।

(जी) उपधारा (डी) में उल्लिखित धनराशि के खातों का अंकेक्षण और रखरखाव।



पंजीकृत धान की कृषक किस्म–हंसराज

पादप जीनोंम सेवियर कम्युनिटी अवार्ड 2009–10

सम्पर्क के लिए पता :

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकारण

एस–2, ए ब्लॉक, एनएएससी परिसर, देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, नई दिल्ली–110012

दूरभाष : 011–25843315, 25840777, 25843808

फैक्स: 011–25840478

वैबसाइट : www.plantauthority.gov.in,

E-mail:ppvfra-agri@nic.in

सामान्यतया: पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न 1 पौधा किस्म संरक्षण एक आवश्यक मुद्दा क्यों हैं

उत्तर: समग्र आर्थिक विकास और ग्रामीण आय में सुधार के लिये नई किस्मों की प्रजनन गतिविधियॉ व दोहन एक निर्णायक कारक है क्योंकि पादप प्रजनन एक अधिक समय लेने वाली व खर्चीली प्रकिया हैं। इसलिये समाज के लाभ के लिये नई किस्मों के विकास के उद्देश्य की पूर्ति के लिये पौधा किस्म संरक्षण एक प्रभावी, लाभदायक व महत्वपूर्ण प्रणाली है।

प्रश्न 2 भारत में पौधा किस्म पंजीकरण किस एक्ट के अंतर्गत किया जाता है

उत्तर: भरत में पौधा किस्म पंजीकरण पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण एक्ट 2001 के अन्तर्गत किया जाता है।

प्रश्न 3 पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण एक्ट 2..1 के तरत कृषक की परिभाषा क्या है

उत्तर: कृषक का मतलब है वह व्यक्ति जो कि फसल की खेती स्वयं व अपनी निगरानी में करता है। जंगली व परम्परागत किस्मों की पहचान और उनका चयन गुणकारी व लाभदायक गुणों को देख कर करता है ताकि उनका संरक्षण व बचाव सामूहिक तौर पर किया जा सके।

प्रश्न 4 कृषक किस्में किसे कहते हैं

उत्तर: वह कृषक किस्में जिनको कृषक परम्परागत विधियों द्वारा अपने ही खेतों में विकसित करते है।। जिसका विकास किसान के द्वारा जंगली प्रजाति से किया जाता है। कृषक किस्म को पंजीकरण में छूट प्राप्त होती है। कृषक को किस्म का आवेदन करने के लिये किसी तरह की फीस व शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं होती है।

प्रश्न 5 कृषक के अधिकार कौन–कौन से हैं

उत्तर: जिस कृषक ने नई किस्म का प्रजनन किया हो वह उस किस्म का पंजीकरण पादन प्रजनन की भांति कर सकता है।

वह कृषक जो जंगली प्रजातियों से संम्बन्धित आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण पौधों में अनुवाशिंक संसाधन का सुधार, चुनाव व संरक्षण कर रहा है और जीन बैंक में इन्हें जमा कर रहा है उस किस्म का पंजीकरण इस एक्ट के तहत करवा सकता है।

प्रश्न 6 एक किस्म की दूसरी किस्म से भिन्न करने के लिये क्या आवश्यक है

उत्तर: एक किस्म को दूसरी किस्म से भिन्न करने के लिये कम से कम एक लक्षण अलग होना आवश्यक है।

प्रश्न 7 DUS परीक्षण का क्या अर्थ है

उत्तर D का अर्थ है Distinctiveness अर्थात विशिष्ठता
U का अर्थ है Uniformity अर्थात एकरूपता
S का अर्थ है Stability अर्थात स्थिरता
एक नई प्रजाति को इन मापदडों पर आंका जाता है व सफल होने पर पंजीकरण के योग्य माना जाता है।

प्रश्न 8 पौधा किस्म के संरक्षण में किस तरह के आवेदन पत्र की आवश्यकता पड़ती है ?

उत्तर पौधा किस्म के संरक्षण में निम्नलिखित आवेदन पत्रों की आवश्यकता होती है:

फार्म–1 , तकनीकी प्रश्नावली, फार्म 1 क जो कि पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट (http://Plant authority.gov.in) से हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में डाउनलोड किये जा सकते हैं

प्रश्न 9 पौधा किस्म संरक्षण के लिये कौन आवेदन कर सकता है

उत्तर पौधा किस्म संरक्षण के लिये निम्न आवेदन कर सकते है:

- वह व्यक्ति जो किस्म का प्रजनक होने का दावा करता है।
- किस्म के प्रजनक का उत्तराधिकारी
- प्रजनक के अभिहस्तांकिती
- कृषक, कृषक समूह व कृषक समुदाय जो किस्म का प्रजनक होने का दावा करता है
- कृषक की ओर से कोई अधिकृत
- विश्वविद्यालय या सार्वजनिक वित पोशित कृशि संस्थान जो किस्म प्रजनक होने का दावा करता है।

प्रश्न 10 प्रजाति का नामांकरण (Denomination) किसे कहते है

उत्तर: प्रजाति जिस नाम से पंजीकरण के लिये आवेदित की जाती है उसे प्रजाति का नामांकरण कहते हैं

प्रश्न 11 प्रजाति का नयापन किसे कहते है

उत्तर: नई प्रजाति जिसमें एक लक्षण अन्य प्रजातियों से नया हो उसे प्रजाति का नयापन कहते हैं।

प्रश्न 12 क्या पौधा किस्म का संरक्षण पेटेंट कानून के अंतर्गत किया जा सकता है

उत्तर: नहीं।

प्रश्न 13 क्या बाजार में उपलब्ध किस्म का पंजीकरण किया जा सकता है

उत्तर: हॉ, कोई भी किस्म जोकि एक साल से कम समय से बाजार में उपलब्ध हो उसको नई श्रेणी में पंजीकृत किया जा सकता है और उससे पहले की उपस्थित किस्म का मौजूदा श्रेणी में पंजीकरण किया जा सकता है।

प्रश्न 14 प्रजाति पंजीकरण हेतु आवेदन देने के मुख्य दिशा निर्देश कौन–कौन से है

उत्तर: 1. आवेदन पत्र की तीन प्रतियॉ होनी चाहिए।
2. आवेदक और उसके प्रतिनिधि के निश्चित स्थान पर हस्ताक्षर होने चाहिए।
3. आवेदक का नाम, पूरा पता व नागरिकता स्पष्ट लिखी होनी चाहिए।

प्रश्न 15 राष्ट्रीय जीन कोश का गठन कब हुआ एवं इसके उद्धेश्य क्या है

उत्तर 45 राष्ट्रीय जीन कोश का गठन पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण एक्ट 2001 के खण्ड के अन्तर्गत किया गया है। राष्ट्रीय जीन कोश के उद्धेश्य निम्नलिखित है:

1. कृषि जैव विविधता के मुख्य केन्द्रो की पहचान
2. किसानों अथवा कृषक समुदायों की पहचान करना जोकि कृषि जैव विविधता संरक्षण कार्यो से जुड़े हैं और सम्बन्धित किसानों को पारितोशिक देना।

प्रश्न 16. पौधा किस्म पंजीकरण का कार्यालय कहॉ स्थित है

उत्तर पौधा किस्म पंजीकरण का कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है जिसका पता निम्नलिखित है:
पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय
कृषि एवं सहकारिता विभाग, एन.ए.एस.सी. काम्पलैक्स, डी.पी.एस. मार्ग, निकट टोड़ापुर गॉव, नई दिल्ली– 110 012.

Frequently Asked Questions (FAQs)



Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Authority
Ministry of Agriculture, Government of India
S-2, A Block, NASC Complex, Dev Prakash Shastri Marg,
New Delhi-110 012

Introduction

In order to provide for the establishment of an effective system for the protection of plant varieties, the rights of farmers and plant breeders and to encourage the development of new varieties of plants it has been considered necessary to recognize and to protect the rights of the farmers in respect of their contributions made at any time in conserving, improving and making available plant genetic resources for the development of new plant varieties. The Govt. of India enacted "The Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights (PPV&FR) Act, 2001" adopting ***sui generis*** system. Indian legislation is not only in conformity with International Union for the Protection of New Varieties of Plants (UPOV), 1978, but also have sufficient provisions to protect the interests of public/private sector breeding institutions and the farmers. The legislation recognizes the contributions of both commercial plant breeders and farmers in plant breeding activity and also provides to implement TRIPs in a way that supports the specific socio-economic interests of all the stakeholders including private, public sectors and research institutions, as well as resource-constrained farmers.

To implement the provisions of the Act the Department of Agriculture and Cooperation, Ministry of Agriculture established the Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Authority on 11th November, 2005. The Chairperson is the Chief Executive of the Authority. Besides the Chairperson, the Authority has 15 members, as notified by the Government of India (GOI). Eight of them are *ex-officio* members representing various Departments/ Ministries, three from SAUs and the State Governments, one representative each for farmers, tribal organization, seed industry and women organization associated with agricultural activities are nominated by the Central Government. The Registrar General is the ex-officio Member Secretary of the Authority.

Objectives of the PPV & FR Act, 2001

1. To establish an effective system for the protection of plant varieties, the rights of farmers and plant breeders and to encourage the development of new varieties of plants.
2. To recognize and protect the rights of farmers in respect of their contributions made at any time in conserving, improving and making available plant genetic resources for the development of new plant varieties.
3. To accelerate agricultural development in the country, protect plant breeders' rights; stimulate investment for research and development both in public & private sector for the development of new plant varieties.
4. Facilitate the growth of seed industry in the country which will ensure the availability of high quality seeds and planting material to the farmers.

General Functions of the Authority

- Registration of new plant varieties, essentially derived varieties (EDV) and extant varieties
- Developing DUS (Distinctiveness, Uniformity and Stability) test guidelines for new plant species
- Developing characterization and documentation of registered varieties
- Compulsory cataloging facilities for all variety of plants
- Documentation, indexing and cataloguing of farmers' varieties
- Recognizing and rewarding farmers, community of farmers, particularly tribal and rural community engaged in conservation, improvement, preservation of plant genetic resources of economic plants and their wild relatives
- Maintenance of the National Register of Plant Varieties and
- Maintenance of National Gene Bank

Q.1. Why protection of plant varieties has become an important issue?

Ans. The breeding activities and exploitation of new varieties are the decisive factors for improving rural income and their overall economic development. Since the process of plant breeding is long and expensive, it is important to provide an effective system of plant variety protection with an aim to encourage the development of new varieties of plants for the benefit of society.

Q2a. What is a variety?

Ans. Variety means a plant grouping except micro-organism within a single botanical taxon of the lowest known rank, which can be-

(i) defined by the expression of the characteristics resulting from a given genotype of that plant grouping.

(ii) distinguished from any other plant grouping by expression of at least one of the said characteristics; and

(iii) considered as unit with regard to its suitability for being propagating, which remain unchanged after such propagation, and includes propagating material of such variety, extant variety, transgenic variety, farmers' variety and essentially derived variety.

b. Essentially Derived Varieties (EDV):

Means a variety which has been essentially derived from existing variety by any of the following means:

(i) Genetic Engineering

(ii) Mutation

(iii) Tissue Culture Derived

(iv) Back Cross Derivative

(v) Any other (Ploidy change etc.)

EDV is clearly distinguishable from such initial variety; and conforms (except for the differences which result from the act of derivation) to such initial variety in the expression of the essential characteristics that result from the genotype or combination of genotype of such initial variety.

Q.3. What is the definition of a farmer in the PPV & FR Act?

Ans. Farmers means a person who-

i. cultivates crops by cultivating the land himself; or

ii. cultivates crops by directly supervising the cultivation of land through any other person; or

iii. Conserves and preserve, severally or jointly, with any person any wild species or traditional varieties through selection and identification of their useful properties.

Q. 4. a. What is a Farmers' Variety?

Ans. A variety which:

- has been traditionally cultivated and evolved by the farmers in their fields; or
- is a wild relative or land race or a variety about which the farmers possess the common knowledge.
- Farmer's variety is exempted from application/registration fees and his application need not be accompanied with fees, affidavit for terminator technology.

b. Is there any relaxation in purity standards and requirement of seed for test?

Ans. The numbers of off types for farmers' varieties shall not exceed double the number of off types prescribed for a new variety. The seed required is half of the quantity prescribed for the new variety.

Q. 5. What are Farmers' rights?

Ans.1.Farmer who has bred or developed a new variety shall be entitled for registration and other protection under PPV&FR Act, 2001 in the same manner as a breeder of a variety.

2. Farmer who is engaged in the conservation of genetic resources of land races and wild relatives of economic plants and their improvement through selection and preservation shall be entitled in the prescribed manner for recognition and reward from the Gene Fund provided that material so selected and preserved has been used as donors of genes in varieties registered under this Act.

3. Farmer shall be entitle to save, use, sow, re-sow, exchange and share or sell his farm produce including seed of a variety protected under this Act in the same manner as he was entitled before the coming into force of this Act provided that the farmer shall not be entitled to sell branded seed of a variety protected under this Act.

Q. 6. What is the duration of protection of a registered plant variety?

Ans. The duration of protection of registered varieties is different for different type of crops which are as below:

1. Trees and vines - 18 years.
2. For other crops - 15 years.
3. For extant varieties notified under section 5 of the Seeds Act, 1966 - 15 years from the date of notification under section 5 of the Seeds Act, 1966 Act.

Q.7. Can a new and distinct plant found growing in nature be protected?

Ans. As such those plant varieties present in wilderness cannot be registered, under PPV&FR Authority. However, any traditionally cultivated plant variety which has undergone the process of domestication /improvement through human interventions can be registered and protected subjected to fulfilment of the eligible criteria.

Q. 8. What are the characteristics which may be used for distinguishing a variety?

Ans. The new variety should be distinct from the other varieties for at least one essential characteristic.

Q. 9. What are the prerequisites for filing an application form for registration of plant variety?

Ans. For registration of a plant variety the following prerequisites has to be completed:

1. Denomination assigned to such variety.
2. Accompanied by an affidavit that variety does not contain any gene or gene sequences involving terminator technology.
3. Complete passport data of parental lines from which the variety has been derived along with its geographical location in India and all such information relating to the contribution if any, of any farmer (s), village, community, institution or organization etc in breeding, evolving or developing the variety.
4. Characteristics of variety with description for Novelty, Distinctiveness, Uniformity and Stability.
5. A declaration that the genetic material used for breeding of such variety has been lawfully acquired.
6. A breeder or other person making application for registration shall disclose the use of genetic material conserved by any tribal or rural families for improvement of such variety.

Q. 10. What comprises a plant variety protection Application Form?

Ans. The application for registration of a variety is to be made in the form prescribed in the PPV & FR Regualtions,2006.

1. Form I - for registration of new variety, extant variety and farmer's variety and
2. Form II - for essentially derived varieties (EDVs).
3. Technical Questionnaire attached with Form I/Form II – fc detailed information of the concerned variety.

These filled application forms must be accompanied by the registration fe prescribed in the PPV & FR Rules, 2003.

Q.11. Who can apply for the registration of a plant variety?

Ans. Application for registration of a variety can be made by:

1. any person claiming to be the breeder of the variety;
2. any successor of the breeder of the variety;
3. any person being the assignee or the breeder of the variety ir respect of the right to make such application;
4. any farmer or group of farmers or community of farmers claiming to be breeder of the variety;
5. any person authorized to make application on behalf of farmers and
6. any University or publicly funded agricultural institution claiming to be breeder of the variety.

Q. 12. Which is the office for making application for the registration of plant varieties?

Ans.Application for registration of plant varieties can be made in the office of Registrar, PPV&FRA, New Delhi. The address of the Office is: Registrar, Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Authority, Govt. of India, Ministry of Agriculture, Society Block, 2nd Floor, NASC Complex, DPS Marg, Opposite Todapur, New Delhi – 110012. Also any information regarding the protection, application, fee structure, etc. can be obtained from this office. Completed forms in triplicate, with fee/charges should be submitted to the Registrar with all enclosures, TQ, affidavits in his New Delhi Office or can be sent by Registered Post. Two branch offices have also been opened one at Guwahati (Assam) and one at Ranchi (Jharkhand) to facilitate the applicants.

Q.13. Can an application for registration of plant varieties be made through an agent?

Ans. Yes, a breeder or a farmer can apply for registration either in person or through his agent.

Q. 14. Is it necessary to submit the seed / propagating material before registration?

Ans. Yes, the breeder shall be required to deposit the seed or propagating material including parental line seeds of registered variety to the Authority. An applicant has to submit a fixed amount of seed sample (breeder seed) with prescribed germination percentage, physical purity and phyto-sanitary standards. The applicant shall also submit along with the seed/propagating material and the seed quality test report.

Q. 15. What is done with the seeds received by the Authority?

Ans. The seed samples received by the Authority will be properly tested for its purity and germination. A part of the seed sample sent to the test centre for conduct of DUS tests and a part of is kept by the Authority in the National Gene Bank to maintain the seed samples of the registered varieties for their entire period of protection.

Q. 16. Can a person apply for registration of a variety which is already in the market?

Ans. Any variety which is already in the market, but not for more than a year, can be applied for registration as a new variety. Other older variety can be applied for registration as Extant Variety.

Q. 17. What is the cost of registering a plant variety?

Ans. The fee structure as defined by the PPV&FR Authority is as below:

A. **Form Charges**

1. Application Form processing Charges Rs.200/-

B. Registration Charges

Type of variety	Registration fee
Essentially Derived Varieties/ New Varieties	Individual Rs. 5000/- Educational Rs. 7000/- Commercial Rs. 10000/-
Extant Variety notified under section 5 of the Seeds Act, 1966	Rs. 1000/-
Extant Variety about which there is common knowledge	Individual Rs. 2000/- Educational Rs. 3000/- Commercial Rs. 5000/-
Farmers' Variety	No fee

C. DUS test fee*

Crop species	Dust test fees
Wheat , rice, maize, sorghum, pearl millet, pigeon pea, chickpea, lentil, mung bean, urd bean, field pea, kidney bean	Rs. 20,000/-
Oilseed crop species	Rs. 20,000/-
Black pepper, small cardamom, ginger, turmeric	Rs. 45,000/-
Rose, chrysanthemum	Rs. 45,000/-
Mango	Rs. 30,000/-
Potato	Rs. 48,000/-
Tomato, brinjal, okra, cabbage, cauliflower, onion, garlic	Rs. 40,000/-

D. Annual Fee

Type of variety	Annual Fees
New Variety	Rs. 2000/- plus 0.2 per cent of the sales value of the seeds of the registered variety during the previous year plus 1 percent of royalty, if any, received during the previous year from the sale proceed of seeds of a registered variety.
Extant variety notified under Section 5 of the Seeds Act, 1966 (54 of 1966)	Rs 2000/- only.
Extant variety other than the category specified above	Rs. 2000/- plus 0.1 per cent of the sales value of the seeds of the registered variety during the previous year plus 0.5 percent of royalty, if any, received during the previous year from the sale proceed of seeds of a registered variety.
Annual fee shall be determined on the basis of declaration given by the registered breeder or agent or licensee regarding the sales value of the seeds of the variety registered under the Act during the previous year and royalty, if any, received during the previous year from the sale proceed of seeds of the registered variety and verified by the Authority.	

Q. 18. What are the exemptions provided under the PPV & FR Act, 2001?

1. Farmers' Exemption: Farmer shall be entitled to produce, save, use, sow, re sow, exchange, share or sell his farm produce including seed of a variety

protected under this Act.

2. Researcher's Exemption: (i) the use of registered variety for conducting experiment.

(ii) the use of variety as an initial source of variety for the purpose of creating other varieties.

Q.19. What are the acts of infringement of the rights provided to the registered breeder under the Act?

Ans. Following acts may be a case of infringement under the PPV&FR Act:

1. If a person who is not a breeder of a variety registered under this Act, or a registered agent or a registered licensee of that variety, sells, exports, imports or produces such variety without the permission of its breeder or within the scope of a registered license or registered agency without their permission of the registered license or registered agent.

2. If a person uses, sells, exports, imports or produces any other variety giving such variety, the denomination identical with or deceptively similar to the denomination of a variety already registered under this Act, in such a way that it causes confusion in the mind of general people in identifying the registered variety.

Q. 20. Is there any punishment if any person falsely represents a variety as a registered variety?

Ans. If any person falsely represents a variety as a registered variety then he shall be punishable with imprisonment for a term not less than six months which can be extended up to three years or with a fine not less than Rupees one lakh which may be extend to Rupees five lakhs, or with both.

Q.21. What species can be protected?

